**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय सोमवार के लिये निर्धारित डॉ. मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-2 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 2 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि परिषद के प्रथम सत्र 2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-3 के खण्ड में कहा गया है कि उक्त मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है? | जी हाँ।<br>प्रश्नगत मार्ग के निर्माण हेतु दिनांक 30.01.2024 को कार्यादेश निर्गत कर स्थल पर कार्य प्रारम्भ कराया गया। प्रश्नगत स्थल पर मिट्टी पटाई का कार्य संतोषजनक रूप से कराया गया, इसी बीच स्थानीय नागरिकों में भू-स्वामित्व के सम्बन्ध में आपसी विवाद होने के कारण उक्त कार्य मिट्टी पटाई के उपरान्त बन्द करा दिया गया। विभागीय अधिकारियों व स्थानीय पार्षद द्वारा भी उक्त विवाद को निस्तारित कराने का निरन्तर प्रयास किया गया। राजस्व विभाग के साथ स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रकाश में आया है कि उक्त मार्ग वर्षों से परम्परागत रूप से आम रास्ते के रूप में उपयोग किया जा रहा है। परन्तु भू-अभिलेखों में चकमार्ग के रूप में अंकित नहीं पाया गया। अतः कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी। |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया गया है? | जिला प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा पक्षों से समन्वय करते हुए पक्षों की सहमति से 80 मीटर भाग पर कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। शेष 20 मीटर भाग पर पक्षों की सहमति प्राप्त होने पर कार्य कराया जायेगा। कार्य का पूर्ण होना पक्षों की सहमति पर निर्भर है। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं तो क्या लापरवाह अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही कराकर सदन को अवगत करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री,**
**नगर विकास विभाग।**